**महानिदेशक एस परमेश,** अ.वी.से.प., रा.त.प., त.प.
**महानिदेशक भारतीय तटरक्षक**
**Director General S Paramesh,** AVSM, PTM, TM
Director General Indian Coast Guard
Tel. : 91-11-23382546
Fax : 91-11-23385185
E-mail : dg@indiancoastguard.nic in

**तटरक्षक मुख्यालय,**
**राष्ट्रीय स्टेडियम परिसर**
**नई दिल्ली-110001**
Coast Guard Headquarters
National Stadium Complex
New Delhi-110001



**संदेश- हिंदी दिवस 2025**

1. हिंदी दिवस (14 सितंबर) के अवसर पर तटरक्षक संगठन के सभी अधिकारियों और कार्मिकों को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

2. मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि इस अवसर पर तटरक्षक मुख्यालय और इसके नियंत्रणाधीन सभी अधीनस्थ इकाइयाँ हिंदी सप्ताह/ पखवाड़े का आयोजन कर रही हैं। भारत एक बहुभाषी राष्ट्र है। हिंदी, राष्ट्रीय एकता, संस्कृति और जन-संपर्क का सबसे बड़ा माध्यम है। संविधान में वर्णित सभी क्षेत्रीय भाषाओं का आदर करते हुए इस विशाल देश को एकता के सूत्र में बांधने में हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

3. हिंदी भाषा केवल संचार का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत एवं राष्ट्रीय एकता की प्रतीक है। प्रशासनिक कार्यों में इसका समुचित प्रयोग लोकतंत्र की जड़ों को मज़बूत करता है। भारत सरकार की राजभाषा नीति का उद्देश्य है कि सरकारी कार्यालयों में अधिक से अधिक कार्य मूल रूप से हिंदी में हो जिसके लिए भारत सरकार विभिन्न माध्यमों से हमारी राजभाषा के समुचित प्रचार-प्रसार के लिए प्रयास करती आ रही है।

4. सूचना प्रौद्योगिकी के वर्तमान आधुनिक दौर में भाषा तकनीक से जुड़कर हर किसी तक पहुँच बना रही है। राजभाषा विभाग के हिंदी ई-टूल्स ने कंप्यूटर में कार्य करना अत्यंत सरल बना दिया है। हमें इन हिंदी ई-टूल्स जिनमें क्षेत्रीय भाषाओं एवं अंग्रेजी से हिंदी सीखने के लिए लीला हिंदी प्रवाह मोबाइल एप्प, यूनिकोड, हिंदी फोनेटिक की-बोर्ड, ई-महाशब्दकोश, कंठस्थ, हिंदी शब्द सिंधु आदि शामिल है, का अधिकाधिक प्रयोग करना चाहिए और सरकारी काम-काज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से लागू की जा रही प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।

5. हिंदी दिवस 2025 के अवसर पर मैं संगठन के सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों से निवेदन करता हूँ कि आइये हम सभी दृढ संकल्पित होकर, पूर्ण उत्साह, लगन और गर्व के साथ राजभाषा हिंदी में कार्य करें। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे सामूहिक एवं सार्थक प्रयासों से हमारी राजभाषा ज्ञान-विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी आदि जैसे सभी क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने के साथ-साथ, जन-जन तक पहुँचाने में नि:संदेह ही सफलता प्राप्त करेगी।

जय हिंद ।

परमेश

(एस परमेश)
महानिदेशक
भारतीय तटरक्षक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 09 सितंबर 2025